
दैनिक जागरण 01/03/2023

# जीएनएम कालेज में संस्कृत की विभागाध्यक्ष डा. राजेंद्रा सेवानिवृत्त



जीएमन कालेज में संस्कृत विभाग की अध्यक्ष डा. राजेंद्रा मलिक को सेवानिवृत्ति पर विदाई देते हुए। ● सौजन्य विज्ञप्ति

**अंबाला** : गांधी मेमोरियल नेशनल (जीएमएन) कालेज में संस्कृत विभाग की अध्यक्ष डा. राजेंद्रा मलिक को उनकी सेवानिवृत्ति पर विदाई दी। कालेज की कार्यवाहक प्राचार्या डा. सीमा कंसल ने उन्हें सम्मानित किया। प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने डा. राजेंद्रा के योगदान की प्रशंसा करते हुए कहा कि सभ्य समाज के निर्माण में शिक्षकों की भूमिका अहम होती है और शिक्षक कभी रिटायर नहीं होते। विदाई समारोह में वरिष्ठ सहयोगियों द्वारा डा. राजेंद्रा के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला गया। अपने सेवाकाल के दौरान सहयोगियों के बीच बिताए यादों को सांझा किया। मंच का संचालन डा. मनजीत कौर, डा. रितु, डा. सुरेंद्र, डा. राजेश आदि मौजूद रहे। (जासं)